मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांक 61 /1806240 /2024/38-2 भोपाल, दिनांक 15/ 01/2024

प्रति,

1. समस्त कुल सचिव
शासकीय / निजी विश्वविद्यालय।

2. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक
उच्च शिक्षा।

3. समस्त प्राचार्य
शासकीय / अनुदान प्राप्त अशासकीय / अशासकीय महाविद्यालय।

विषय :- अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत में समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजन के संबंध में।

संदर्भ :- धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का पत्र क्रमांक 42/2024/अमुस/धर्मस्व दिनांक 12-01-2024 ।

---000---

विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों के संबंध में लेख है कि राष्ट्र के गौरव भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 22-01-2024 को अयोध्याजी धाम में किया जा रहा है। उक्त तारतम्य में प्रदेश के समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में निम्नानुसार 05 दिवसीय कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित किए जाए।

| स.क्र. | दिनांक | किए जाने वाले कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 17-01-2024 | समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में वृहद साफ - सफाई अभियान। |
| 2 | 18-01-2024 | भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित स्लोगन एवं पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता। |
| 3 | 19-01-2024 | राम राज्य की अवधारणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता। |
| 4 | 20-01-2024 | सामाजिक समरसता के पुरोधा भगवान श्रीराम विषय पर निबंध लिखन प्रतियोगिता। |
| 5 | 22-01-2024 | महाविद्यालया में बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया जाना। |

निरंतर ....2...

महाविद्यालय में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाए। मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्याय एवं धर्मस्थ विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 12-01-2024 के पालन में दिनांक 21-01-2024 से 26-01-2024 तक समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में रोशनी (लाईटिंग) की व्यवस्था की जाए एवं जिला कलेक्टर को संदर्भित पत्र के आयोजन में सहयोग प्रदान किया जाए।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

15.1.24

(मनोज कुमार अग्निहोत्री)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग

भोपाल, दिनांक 15/01/2024

पृ.क्रमांक 62/1906240/2024/38-2

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक, माननीय मंत्रीजी, उच्च शिक्षा विभाग।
2. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।
4. समस्त कुलपति, विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश।
5. सचिव, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग समस्त निजी विश्विद्यालयों को निर्देशित किए जाने हेतु।

.................की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

15.1.24

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग

मध्यप्रदेश शासन
धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग
मंत्रालय वल्लभ-भवन, भोपाल

क्र0 412/2024/अनुस/धर्मस्व                                   भोपाल, दिनांक 12 जनवरी, 2024

प्रति,

समस्त जिला कलेक्टर,
म0प्र0।

विषय:- अयोध्या में दिनांक 22.01.2024 को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य मे प्रदेश में विभिन्न आयोजन किए जाने सम्बन्धी ।

---00---

अयोध्या में दिनांक 22.01.2024 को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा सम्बन्धी आयोजन के दृष्टिगत निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित की जावे :-

(1) दिनांक 16 जनवरी से 22 जनवरी, 2024 तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन कराया जावे। पूरे प्रदेश के समस्त मंदिरों मे दीप प्रज्जवलित कराये जावे। हर घर मे दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत किया जावे।

(2) प्रदेश के नगरो तथा ग्रामो मे राममण्डलियो के स्थानीय कार्यक्रम मोहल्लो तथा ग्रामो में आयोजित किए जाने हेतु प्रेरित किया जावे।

(3) प्रदेश के मुख्य मंदिरो मे टी0व्ही0 स्क्रीन लगाकर अयोध्या के उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाए। उक्त मंदिरो में आयोजनो में आमजनों की सहभागिता हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया जावे तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावें।

(4) प्रदेश के प्रमुख मंदिरो मे ट्रस्ट/समिति के द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2024 को भण्डारा का आयोजन किया जावे। इस बाबत विभिन्न धर्मगुरूओ से भण्डारो के आयोजन किए जाने हेतु समन्वय किया जावे।

22
1/1/24

(5) प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रमुख मंदिरो मे साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट/समिति के माध्यम से आमजन हेतु आयोजित किए जावें।

(6) सभी नगरो मे नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवो मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से दिनांक 14 से 21 जनवरी, 2024 के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जावे। सभी सरकारी इमारतो तथा स्कूल एवं कालेजों में साज-सज्जा की जावें।

(7) प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में दिनांक 16 से 21 जनवरी, 2024 (एक सप्ताह) तक विशेष सफाई अभियान चलाया जावे। दिनांक 21 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था की जावें।

(8) दिनांक 11 से 21 जनवरी, 2024 तक संस्कृति विभाग द्वारा श्रीरामचरित लीला समारोह कार्यक्रम जिला रतलाम, मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, खंडवा, आगर–मालवा, देवास, सीहोर, छिंदवाड़ा, जबलपुर, अनूपपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, रीवा एवं दमोह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावें।

(9) स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्गों से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान/स्वागत की व्यवस्थाएं स्थानीय निकायों तथा स्थानीयजनों के सहयोग से सुनिश्चित की जावें।

12/1/24
(डॉ. राजेश राजौरा)
अपर मुख्य सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग

पृ०क्र० 113/2024/अमुस/धर्मस्व
भोपाल, दिनांक 12 जनवरी, 2024

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, म०प्र० शासन, मंत्रालय, भोपाल।
2. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, म०प्र०शासन, भोपाल।
3. अपर मुख्य सचिव, म०प्र०शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
4. अपर मुख्य सचिव, म०प्र०शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
5. अपर मुख्य सचिव, म०प्र०शासन, तकनीकी शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
6. पुलिस महानिदेशक, म०प्र०, पुलिस मुख्यालय, भोपाल।
7. प्रमुख सचिव, म०प्र०शासन, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
8. प्रमुख सचिव, म०प्र०शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
9. प्रमुख सचिव, म०प्र०शासन, नगरीय विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
10. प्रमुख सचिव, म०प्र०शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
11. आयुक्त, जनसंपर्क, संचालनालय, भोपाल।
12. समस्त संभागायुक्त, म०प्र०।
13. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, म०प्र०।
14. समस्त पुलिस अधीक्षक, म०प्र०।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

12/1/24
अपर मुख्य सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग